<u>समाचार</u>

19 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 18 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 19 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल मंगलवार को वार्ड क्र. 04 दुर्गा पण्डाल इंदिरानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, वार्ड क्र. 39 आजादनगर, वार्ड क्र. 42 रूमगरा स्कूल के सामने, वार्ड क्र. 52 नीलगिरी फर्टिलाईजर दर्री थाना के पीछे, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर, वार्ड क्र. 66 जंगल साईड आदि के पास कैम्प लगाए जाएंगे।